REPORT ON VISIT TO GARMENT MANUFACTURING UNIT- 3 अगस्त 2023

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पुंडरी की ड्रेस डिजाइनिंग की प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं को भूमि डिजाइनर बुटीक की विजिट कराई गई। छात्राओं को बुटीक में अलग-अलग प्रकार के वस्त्र एवं उनकी सजा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ-साथ छात्राओं को अलग-अलग क्लाइंटस को अटेंड करने के बारे में अवगत कराया गया।

बुटीक में कार्यरत डिजाइनर्स ने बताया कि किस प्रकार अलग-अलग प्रकार के कपड़ों से विभिन्न प्रकार के परिधान तैयार किए जाते हैं। आज के समय मे मार्किट में सिल्क, कैटन, ओरगेंजा, करेप व गलास टिशू आदि कपड़े पाए जाते हैं।

परिधानों को सुसर्जि करने के लिए बुटीक में अलग-अलग प्रकार तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है जिनमें विभिन्न कलर्स कांबिनेशंस में पाइपिंग लगाई जाती है। डिजाइनर स्लीव्स एवं नेकलाइन तैयार किए जाते हैं। क्लाइंटस की डिमांड पर परिधानों पर सुंदर कलर्स के धागों से एमबरोएडरिज की जाती है। छात्राओं को अलग-अलग मशीनों के बारे में बताते हुए बुटीक के ओनर ने बताया की सभी इंडस्ट्रियल मशीनस बुटीक में इस्तेमाल की जाती हैं एवं सभी मशीन इलेक्ट्रिसिटी से चलती है। बुटीक में सभी प्रकार के परिधान जैसे लेडीज सूट, सलवार, डिजाइनर ब्लाउज, ट्राउजर एवं प्लाजो सूट, डिजाइनर लहंगे आदि की स्टिचिंग की जाती है।

बुटीक में कार्यरत ट्रेलर्स ने छात्राओं को बुटीक मे तैयार किए गए परिधानों को दिखाया। सजावट की विभिन्न तकनीकों के बारे मे अवगत कराते हुए बताया कि आज के समय मे क्लाइंटस को नये एवं आधुनिक फैशन के अनुसार परिधान तैयार किए जाते हैं। क्लाइंटस को संतुष्ट करना बुटीक का पहला कर्तव्य है। सभी प्रकार के डिजाइंस को सुंदर एवं फिनिशिंग से तैयार किया जाता है। डिजाइनर ने बताया कि उनके यहां बहुत दूर-दूर से क्लाइंट्स परिधान तैयार करवाने के लिए आते हैं।

छात्राओं ने बुटीक से अलग-अलग कपड़ों के स्वोचिस लिए एवं उनके बारे में जानकारी हासिल की। छात्रों को समय में इस्तेमाल किए जाने वाले कपड़ों एवं सजावट की तकनीक के बारे में जानकारी दी। बुटीक में स्टिचिंग एवं तैयार किए गए परिधानों के मुल्य उनकी सजावट एवं तकनीकों के इस्तेमाल के आधार पर तय किए जाते है। छात्राओं इस वीजीट से लाभान्वित हुई।

M·S·M

Mob.- 9416773107
MSM